बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड
(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक 3661/2023 दिनांक 29/07/23

निविदा आमंत्रण शर्त्त

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड, बेल्ट्रॉन भवन, शास्त्रीनगर, पटना–23 जो बेल्ट्रॉन भवन के विभिन्न् तलों की सुरक्षा एवं संरक्षा हेतु 12 से 15 प्रहरी (24x7x365) की सेवा उपलब्ध कराने के लिए निविदा शर्तें निम्न हैः–

1. सेवा कर/GST में निबंधन संबंधि प्रमाण–पत्र।
2. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम से सम्बद्धता का प्रमाण–पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण–पत्र।
3. पिछले तीन वर्षों के दौरान विभन्न संस्थाओं में प्रतिनियुक्त किये गये सुरक्षा प्रहरी की विवरणी ।
4. पिछले दो वर्षों का लाभ व हानि तथा बैलेन्स शीट का सत्यापित छायाप्रति।
5. प्रतिशपथ पत्र की वे इस क्षेत्र में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सभी नियमों का पालन करेंगे।
6. गृह विभाग, बिहार सरकार के निजी सुरक्षा एजेंसी के कारोबार हेतु प्राप्त अनुज्ञप्ति का अद्‌यतन प्रमाण पत्र की प्रति।
7. वित्त विभाग के संकल्प संख्या— 2988 दिनांक— 23.03.23 के अनुपालन में निम्नांकित कंडिकाओं का अनुपालन अनिवार्य होगाः—

   a) आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव बल की सेवा प्राप्त करने हेतु सेवा शुल्क न्यूनतम 3.85 प्रतिशत (3 प्रतिशत लाभ और 0.85 प्रतिशत संव्यवहार शुल्क के रूप में) तथा अधिकतम 7 प्रतिशत (संव्यवहार शुल्क सहित) होगी।

   b) उक्त निर्धारित न्यूनतम सेवा शुल्क की अधिसीमा से न्यून एवं निर्धारित अधिकतम सेवा शुल्क की अधिसीमा से उच्च दर अंकित करने वाले निविदादाता की वित्तीय निविदा विचारणीय नहीं होगी। सेवा शुल्क के दर में अंकित रूपये में दशमलव के पश्चात 2 अंक से आगे अंकित अंक को नजरअंदाज कर दिया जायेगा।

   c) निविदा में यदि ऐसे अधिक निविदादाता द्वारा उद्‌धृत (Quoted) न्यूनतम सेवा शुल्क की दर समान पाई जाती है तो वैसी स्थिति में लॉटरी के माध्यम से निविदा का निष्पादन किया जायेगा । निविदा के निष्पादन की पूरी प्रक्रिया में बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों का अनुपालन अपेक्षित होगा।

बेल्ट्रॉन भवन, शास्त्री नगर, पटना – 800023
दूरभाष : 0612–2281856–7, फैक्स : 0612–2281857, वेबसाईट : www.beltron.in ई–मेल : bsedc@beltron.in

....

दिनांक ....

d) मानव बल को श्रम संसाधन विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी एवं उस पर लागू वैधानिक देयता का भुगतान अनिवार्य होगा और इसे निविदा (Bid) का आधार नहीं बनया जायेगा।

e) चयनित एजेंन्सी द्वारा सेवा प्रदान कर रहे मानव बल को प्रतिमाह पारिश्रमिक के भुगतान में श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिसूचित न्यूनतम पारिश्रमिक का भुगतान मानव बल के आधार संबद्ध बैंक खाता में Real Time Gross settlement (RTGS) की प्रक्रिया से किया जायेगा। यह भुगतान निगम के द्वारा आउटसोर्सिंग एजेंन्सी को राशि विमुक्ति की तिथि के तीन कार्य दिवस के अन्दर संबंधित एजेंन्सी द्वारा किया जायेगा।

f) आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा कर्मियों/मानव बल के मासिक पारिश्रमिक भुगतान (आधार संबद्ध खाते में) का साक्ष्य अगले माह के साथ उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।

8. निविदा के साथ रूपये दस हजार मात्र डी०डी० जमा करना अनिवार्य होगा।
9. सभी प्रहरी बेल्ट्रान की सुरक्षा में विभिन्न पालियों में 24x7 के आधार पर सुरक्षा संबंधी सेवा उपलब्ध कराने हेतु उपस्थित रहेंगे।
10. अनुपस्थिति की दशा में दो गुणा दर से LD (Liquidated damage) की कटौती की जायगी।

सफल निविदादाता से सर्वप्रथम एक वर्ष का अनुबंध रहेगा जिसे आपसी सहमति से अतिरिक्त दो वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।निविदा मुहरबंद लिफाफा में वित्तिय निविदा एवं अन्य सभी सूचना एवं प्रमाण-पत्र विवरणी अलग-अलग लिफाफा में सील बंदकर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे। निविदादाता प्रति गार्ड प्रतिमाह Ex-serviceman एवं प्रशिक्षित का दर अलग-अलग सभी कर एवं वैधानिक कटौती एवं कुल भुगतान राशि का पूर्ण विवरण विहित प्रपत्र में अंकित करेंगे।

निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। एक या सभी निविदाओं को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा जिसके लिये कारण बतलाना अनिवार्य नहीं होगा।

प्रबंध निदेशक